प्रदेश में स्थापित होगा सेंटर फॉर साइबर सिक्योरिटी, काउंटर टेररिज्म एंड एंटी-इंसर्जेंसी

चर्चा में क्यों?

31 जनवरी, 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार द्वारा साइबर सिक्योरिटी को और मजबूत बनाने के क्रम में प्रदेश में अपराधों की रोकथाम और आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थापित की जा रही सेंटर फॉर साइबर सिक्योरिटी, काउंटर टेररिज्म एंड एंटी-इंसर्जेंसी और उपकरणों के लिये 40 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इस स्वीकृति से सेंटर के अंतर्गत राज्य स्तरीय, रेंज/आयुक्तालय स्तरीय तथा ज़िला स्तरीय लैब विकसित की जाएगी। लैब में राज्य के लिये साइबर सुरक्षा, अपराधों की आसूचना, अनुसंधान तथा रोकथाम के लिये विभिन्न राज्य तथा देशों में मौजूद सरकारी एजेंसियों से संपर्क कर सॉफ्टवेयर विकसित किया जाएगा।
- सेंटर की स्थापना से नए-नए मालवेयर, थ्रेट्स, वायरस के बारे में अपडेट किये जाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, साइबर क्राइम के बारे में नवीनतम अपडेट्स के लिये राज्य स्तरीय लैब में प्रशिक्षण भी करवाया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी ज़िलों में साइबर थानों की स्थापना हो चुकी है। इन थानों में अपराधों के अनुसंधान के लिये आवश्यक उपकरण भी प्रदान किये जा चुके हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/center-for-cyber-security,-counter-terrorism-and-anti-insurgency-will-be-established-in-the-state